(b) the details of their position; and

(c) the expected tenure of this current freeze on cotton exports?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) and (b) The Cotton Corporation of India has complied with Government decision to suspend export of cotton as abnormal price rise is not in the longterm interest of the country.

(c) The Government has been periodically reviewing the cotton scenario and has been monitoring the price situation on a day-to-day basis.

हथकरघा क्षेत्र के लिए योजनाएं

2211. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने आगामी तीन वर्षों के लिए देश में हथकरघा क्षेत्र के लाभार्थ कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और इन योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए कौनसी क्रियाविधि अपनाने का निर्णय लिया गया है ;

(ग) योजना आयोग ने इस योजना के लिए आठवीं पंचवर्षीय अवधि में कितनी धनराशि आबंटित करने का आश्वासन दिया है ;

(घ) क्या सरकार ने राज्यों, विशेष रूप से गुजरात के लिए ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कोई कार्ययोजना तैयार की है ; और

(ङ.) यदि हां, तो इसकी मुख्य बातें क्या क्या हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) (क) जी हां ।

(ख) इस अवधि के दौरान कार्यान्वित कुछ महत्वपूर्ण प्लान योजनाओं में हथकरघा विकास केन्द्रों की स्थापना, प्रोजेक्ट पैकेज योजना, कार्यशाला-सह-आवास योजना, थ्रिफ्ट फंड योजना शामिल हैं । हथकरघा क्षेत्र के लिए गैर प्लान योजना में विपणन विकास सहायता योजना प्रमुख हैं । राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजनाओं को मंजूरी दी जाती है ।

(ग) हथकरघा क्षेत्र के लिए आंठवी योजना के अंतर्गत अंतरिम आवंटन 621 करोड़ रुपए है ।

(घ) जी हां ।

(ङ.) ग्रामीण विकास मंत्रालय के वर्तमान कार्यक्रमों जैसे आई.आर.डी.पी., इंदिरा विकास योजना और ट्राइसम के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों की कवरेज में वृद्धि करने की कार्य योजना है ।

राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कुछ मिलों का बन्द किया जाना

2212. **श्री एस. एस. अहलूवालिया** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम की कुछ मिलों को बंद करने का फैसला कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ऐसी मिलों की जमीन, मशीनों एवं भवनों का किस प्रकार से उपयोग करेंगी ; और

(ग) क्या सरकार इन सभी को खुले बाजार में बेचने का इरादा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) से (ग) सूती वस्त्र अनुसंधान संघ ने वस्त्र मंत्रालय के निर्देशों पर राष्ट्रीय वस्त्र निगम का पुनरुद्धार करने के लिए नई आधुनिकी-

करण योजनायें बनाई हैं जिनमें अन्य कार्यों के साथ-साथ 36 गैर-अर्थदान एककों का पुनर्निर्माण करके उन्हें 18 अर्थदान एककों में परिवर्तन करना है । ऐसे पुनर्निर्माण से प्राप्त होने वाली फालतू भूमि तथा परिसंपदाओं का, आधुनिकीकरण और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं आदि को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने हेतु निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार बेचने का प्रस्ताव है ।

बिहार के हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता

2213. **श्री एस. एस. अहलुवालिया :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान हथकरघा बुनकरों को सहायता प्रदान करने हेतु बिहार सरकार को कितनी धनराशि उपलब्ध कराई है और उसका वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस अवधि के दौरान बिहार के कितने हथकरघा बुनकर लाभान्वित हुए तथा कितने हथकरघों का आधुनिकीकरण किया गया ;

(ग) क्या सरकार को राज्य सरकार से इस संबंध में कोई प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) बिहार राज्य सरकार को हथकरघा बुनकरों के लिए बनाई गई योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु गत 3 वर्षों के दौरान जारी की गई राशि इस प्रकार है :—

वर्ष	जारी की गई राशि (लाख रुपयों में)
190-91	542.24
1991-92	475.93
1992-93	394.25

(ख) से (घ) इन सभी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हथकरघा बुनकरों की संख्या का अनुमान लगाना संभव नहीं है । तथापि इन विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई राशि का विवरण संलग्न है ।

विवरण

बिहार के हथकरघा बुनकरों को वित्तीय सहायता सम्बन्धी ब्यौरा

(लाख रुपयों में)

क्र. सं.	योजना का नाम	जारी की गई राशि		
		1990-91	1991-92	1992-93
	योजना			
1.	प्राथमिक	—	—	3.00
2.	कार्यशाला–सह–आवास	—	—	37.00
3.	निसाहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी	—	—	18.00